आइआइएम में दिसंबर से शुरू होगा ई-एमबीए कोर्स

रायपुर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। नवा रायपुर स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान (आइआइएम) इस साल दिसंवर पहले सप्ताह से दो वर्षीय ऑनलाइन एमवीए कोर्स शुरू करने जा रहा है। इसे हाइब्रीड मोड नाम दिया गया है। इस कोर्स में छात्र प्रवेश ले रहे हैं।

आइआइएम के डायरेक्टर प्रो. भारत भास्कर ने वताया कि कोर्स का डिजाइन पूर कर लिया गया है। इसकी मार्केटिंग की तैयारी चल रही है, लेकिन कोरोना के प्रकोप के चलते इसमें वाधा आ रही है। उन्होंने वताया कि संस्थान चाहता था कि इस कोर्स की ब्रांडिंग अच्छे से हो और भव्य तरीके से इसे लांच किया जाए। इसलिए भी इसकी लॉचिंग की डेट दिसंवर रखी गई।

प्रो. भास्कर ने वताया कि अगर कोरोना का प्रकोप समाप्त होने के वाद दिसंवर के पहले विक में भव्य तरीके से शुभारंभ किया जाएगा।

वता दें कि इस कोर्स में 60 से 90 सीटें होंगी। वेहतर रिस्पांस मिलेगा तो सीटें वढ़ाई भी जा सकती हैं। इसकी फीस सामान्य एमवीए से 40 फीसद कम होगी। आइआइएम 15 जुलाई से पीजीपी सेकंड ईयर की क्लासेस शुरू हो जाएंगी। इसके लिए प्रवंधन द्वारा तैयारी कर ली गई है। वहीं अगस्त से फर्स्ट ईयर के छात्र-छात्राओं की कक्षाएं शुरू होंगी।

Naidunia 13 June 2020,p. 4.jpg